रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

www.vananchaleye@gmail.com

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:82 | शुक्रवार,28 नवम्बर | Email:vananchaleye@gmail.com




## ब्रीफ न्यूज

### 514 युवाओं के फर्जी सरेंडर केस पर हाईकोर्ट में सुनवाई

संवाददाता

रांची : 514 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बता कर सरेंडर करने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कनीय पुलिस अधिकारी द्वारा शपथ पत्र दाखिल किए जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने डीजीपी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक में कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों में उच्च पुलिस अधिकारियों द्वारा शपथ पत्र दाखिल किया जाना चाहिए था, ताकि केस की वास्तविकता जाना जा सके और इसके तह पहुंचा जा सके। लेकिन कनीय पुलिस अधिकारी द्वारा शपथ पत्र दाखिल किया गया सुनवाई के द्वारान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि उच्च पुलिस अधिकारियों को बचाने के लिए डीएसपी रैंक के अधिकारीद्वारा शपथ पत्र दाखिल की गई है।

### हत्या के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता

दुमका : हत्या के अभियुक्त दुर्गा टुडू को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ योगेश सिंह के न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मामले में 9 गवाहों की गवाही पर अभियुक्त को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना किया। मामले की जानकारी देते हुए सहायक लोक अभियोजन भवेंद्र सोरेन ने बताया कि 9 गवाहों की गवाही पर अभियुक्त को न्यायालय ने दोषी करार दिया। जानकारी के अनुसार मामले में घटना के तीन माह बाद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को कब्र से निकाल पोस्टमार्टम सहित अन्यकानूनी प्रक्रिया हुई थी।

### छत्तीसगढ़ में होने वाले डीजीपी-आईजी सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट परिसर में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षकों के 60वें राष्ट्रीय सम्मेलन (डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस) में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 29-30 नवंबर को इस सम्मेलन में पूरे समय उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक 28-30 नवंबर तक आयोजित हो रहे इस सम्मेलन का मकसद पुलिसिंग की मुख्य चुनौतियों से निपटने में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करना और विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के हिसाब से सुरक्षितभारत बनाने के लिए एक आगेका रोडमैप बनाना है।

## झारखंड में हेमंत सरकार के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा, आज युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को लेकर रांची के ट्रैफिक में बदलाव

एजेंसी



रांची : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस अवसर को सरकार नियुक्ति वर्ष के रूप में मना रही है। इसी क्रम में 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर हेमंत सोरेन को समारोह में शामिल होने के लिए आधिकारिक निमंत्रण सौंपा। यह कार्यक्रम सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। मोरहाबादी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंच का निर्माण किया गया है और करीब 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों को विभागों द्वारा पहले ही सूचना भेजी जा चुकी है। कितने पदों पर होंगी नियुक्तियां : कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विभागों में नियुक्तियों का वितरण किया जाएगा। पदों का विवरण इस प्रकार है। सहायक आचार्य-8000, उप समाहर्ता-207, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)-35, राज्य कर पदाधिकारी- 56, काराधीक्षक-02, झारखंड शिक्षा सेवा श्रेणी-दो-10, जिला समादेष्टा-01, सहायक निबंधक-08, श्रम अधीक्षक-14, प्रोबेशन पदाधिकारी-06, निरीक्षक उत्पाद-03, कीटपालक -150।

### कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विभागों में नियुक्तियों का वितरण किया जाएगा

सहायक आचार्य 8000 उप समाहर्ता 207 पुलिस उपाधीक्षक 35 राज्य कर पदाधिकारी 56 काराधीक्षक 02 झारखंड शिक्षा सेवा श्रेणी-दो-10 जिला समादेष्टा 01 सहायक निबंधक 08 श्रम अधीक्षक 14 प्रोबेशन पदाधिकारी 06 निरीक्षक उत्पाद 03कीटपालक 150

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा,

रांचीः झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर 28 नवंबर को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में भव्य नियुक्ति पत्र वितरणसमारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को रांची में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रांची जोन के पुलिस महारिरीक्षक (आईजी) मनोज कौशिक ने की। इस दौरान आईजी और रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे सीएम, 68वीं पुण्यतिथि पर दादा सोबरन सोरेन को दी श्रद्धांजलि

# हमारे महान पुरखों की संघर्ष गाथा हमेशा हम सभी का करती रहेगी मार्गदर्शन : हेमंत सोरेन

### अपनी जान की परवाह किए बिना झारखंड के वीर शहीदों ने शोषण के विरुद्ध बुलंद की आवाज

एजेंसी

गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा पहुंचे। यहां उन्होंने अपने दादा शहीद सोबरन सोरेन की 68वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेमरा से 5 किलोमीटर दूर लुकैयाटांड़ में शहीद सोबरन सोरेन की समाधि स्थल है। मौके पर लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री कहा कि झारखंड के वीर शहीदों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर होने वाले शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद की थी। ऐसे लोगों ने स्थानीय आदिवासी और मूल निवासियों के अधिकार को छीनने वालों के खिलाफ संघर्ष किया। वीर सपूतों को सामंती विचार वालों ने फांसी दे दी। कई लोगों को जेल में डाल दिया गया। हमारे ऐसे महान पुरखों की संघर्ष गाथा हमेशा हम सभी का मार्गदर्शन करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 साल में सरकार की आंख, नाक, कान हर गांव तक पहुंचा रहेगा। लेकिन, आम नागरिकों को दलालों के लिए दरवाजा बंद करना होगा। कुछ दलाल आम लोगों के बीच से आते हैं और कुछ दलालों को सरकारी अधिकारी पैदा करते हैं। सरकार की नजर अधिकारियों पर है। जो गलत काम करेगा, ऐसे लोगों पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी ।सीएम ने कहा कि हमारे नौजवान साथियों के लिए भी अलग-अलग तरीके से उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हम कार्ययोजना बना कर काम कर रहे हैं। 2050 तक राज्य को खुशहाल झारखंड बनाने की ओर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। हमने पहले भी कहा है हमारी सरकार रांची से नहीं, गांव से चलने वाली सरकार है। सीएम ने कहा कि राज्य की महिलाएं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले रही हैं और स्वावलंबी बन रही हैं। युवाओं के लिए भी कई कार्य योजना को सरकार ने बनाई है। इसके साथ ही अगले 50 वर्षों में राज्य को वहां पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, जहां दिल्ली,

### पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद कर हुए भावुक

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिशोम गुरु पिता शिबू सोरेन को भी याद किया और उन्हें याद करते हुए भावुक भी हो गए। हेमंत ने कहा कि हम सभी के मार्गदर्शक रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन हमारे बीच नहीं हैं। उनके नहीं रहने से एक युग का अंत हो गया है। एक लंबे सफर को मंजिल तक पहुंचाकर, हमें ताकत देते हुए, हक-अधिकार को पहचानने की शक्ति देते हुए वे विदा हो गए।



### 2050 तक राज्य को खुशहाल बनाने की ओर भी तेजी से बढ़ रहा झारखंड

## सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट में बड़े बदलाव के दिये संकेत

एजेंसी



नई दिल्ली : देश के नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में बड़े बदलावों का संकेत देते हुए कहा है कि 1 दिसंबर से सुधारों का पहला चरण लागू होगा। केस मेंशन करने आए एक वकील की दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 1 दिसंबर तक इंतजार कीजिए, हम कुछ प्लान कर रहे हैं। हम आपकी चिंता जानते हैं, इसे बार-बार बताने की जरूरत नहीं है। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के केस मेंशनिंग सिस्टम में बड़े बदलाव की ओर स्पष्ट इशारा मानी जा रही है। सीजेआई सूर्यकांत ने यह भी संकेत दिया कि वकीलों को अब मेंशनिंग के लिए कोर्टरूम में बार-बार नहीं आना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सुधारों के पहले फेज में केस मेंशनिंग की प्रक्रिया को सरल एवं सुव्यवस्थित किया जाएगा, ताकि वकीलों का कीमती समय बच सके और एक पारदर्शी व्यवस्था विकसित हो सके। नए सीजेआई सूर्यकांत ने कार्यभार ग्रहण करने के दिन ही केस मेंशनिंग के मौजूदा तौर-तरीकों पर सख्त असहमति जताई थी। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा था, कि कई वकील मामलों को उसी दिन मेंशन कर लिस्टिंग की मांग करते हैं, जो स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था, कि मौत की सजा या अभिव्यक्ति की आजादी जैसे बेहद जरूरी मामलों को छोड़कर किसी भी केस को उसी दिन सूचीबद्ध करने की मांग नहीं मानी जाएगी ।नए सीजेआई सूर्यकांत ने कार्यभार ग्रहण करने के दिन ही केस मेंशनिंग के मौजूदा तौर-तरीकों पर सख्त असहमति जताई थी। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा था,

## बिहार की हार पर कांग्रेस की बैठक में हंगामा

# दो प्रत्याशी भिड़े, गोली मारने की धमकी

संवाददाता



पटना : बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद दिल्ली में कांग्रेस की ओर से बुलाई गई समीक्षा बैठक गुरुवार को भारी हंगामे का अखाड़ा बन गई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक की शुरूआत राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही विवादों से हो गई। बिहार के वैशाली से कांग्रेस प्रत्याशी रहे इंजीनियर संजीव और पूर्णिया से चुनाव लड़ने वाले जितेंद्र यादव के बीच तीखी नोकझोंक इस कदर बढ़ गई कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के अनुसार, इंजीनियर संजीव ने आरोप लगाया कि हाल ही में पार्टी में शामिल हुए 18 नए चेहरों की वजह से कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ और अनुभवहीन लोगों पर टिकट का दांव लगाना पार्टी के लिए घातक साबित हुआ। उन्होंने कहा कि संगठन की जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर नए लोगों को उम्मीदवार बनाने के चलते कांग्रेस की कई सीटों पर लड़ाई कमजोर हुई। इस पर पूर्णिया के उम्मीदवार जितेंद्र यादव ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम भी नए हैं। जो आज पुराने नेता हैं, वे भी एक समय पर नए ही थे। नए लोगों को हार का कारण बताना गलत है। इसी बात को लेकर दोनों नेताओं के बीच बहस बढ़ गई और देखते ही देखते मामला गर्मागरम विवाद में बदल गया।

बैठक में मौजूद सूत्रों ने दावा किया कि बहस इतनी बढ़ गई कि इंजीनियर संजीव की ओर से जितेंद्र यादव को कथित तौर पर गोली मारने जैसी धमकी देने की बात तक सामने आई। हालांकि बाद में इंजीनियर संजीव ने सफाई दी कि बातचीत को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और उनकी किसी बात का गलत अर्थ निकाला गया। उन्होंने कहा कि उनका इरादा किसी को डराने या धमकाने का नहीं था। हालांकि कांग्रेस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



## हांगकांग में 77 सालों में सबसे भीषण आग 75 लोगों की गई जान, 280 लापता

हांगकांग के 'ताई पो' जिले में एक बड़े रिहायशी कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। यह पिछले 77 सालों में लगी सबसे भीषण आग बताई जा रही है। आग इतनी तेज थी कि 24 घंटे बाद भी 8 में से सिर्फ 5 इमारतों पर काबू पाया गया। 3 इमारतों की ऊपरी मंजिलों में आग अभी भी जल रही है। इस हादसे में अब तक 75 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 76 गंभीर रूप से घायल हैं। 280 लापता हैं। ये कॉम्प्लेक्स आठ इमारतों का था, जिनमें हर इमारत 35 मंजिलों की थी।

## डब्ल्यूपीएल

### खिलाड़ियों की मेगा ऑक्शन में करोड़ों रुपए की धनवर्षा

# दीप्ति शर्मा रहीं सबसे महंगी, 3.20 करोड़ में यूपी ने खरीदा

एजेंसी




नई दिल्ली : महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के लिए खिलाड़ियों की मेगा नीलामी गुरुवार को नई दिल्ली के जेडब्ल्यू मैरियट होटल में आयोजित हुई। सभी 5 फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ही फैन्स को भी इस मेगा ऑक्शन का बेसब्री से इंतजार था। महिला प्रीमियर लीग के लिए इस मेगा ऑक्शन में कुल 277 खिलाड़ियों पर बोली लगी। हालांकि 67 खिलाड़ी ही ऑक्शन में सोल्ड हुए, जिसमें 23 विदेशी प्लेयर्स शामिल रहे। कुल मिलाकर 40.8 करोड़ रुपये ऑक्शन में खर्च किए गए। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा सबसे महंगी खिलाड़ी (3.20 करोड़ रुपये) रहीं, जबकि विदेशी खिलाड़ियों में एमेलिया केर (3 करोड़ रुपये) सबसे ज्यादा में बिकीं। कंगारू टीम की कप्तान एलिसा हीली अनसोल्ड रहीं, जिनका बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। वहीं कीवी ऑलराउंडर सोफी डिवाइन को गुजरात जायंट्स ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा। भारतीय टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को यूपी वॉरियर्स ने आरटीएम (राइट टू मैच) कार्ड के जरिए 3.20 करोड़ रुपये में अपनी टीम से जोड़ा। जबकि मुंबई इंडियंस ने आरटीएम कार्ड के जरिए एमेलिया केर को 3 करोड़ रुपये में अपने साथ दोबारा जोड़ा। सोफी, दीप्ति और एमेलिया तीनों का बेस प्राइस 50-50 लाख रुपये था। भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह 60 लाख रुपये में गुजरात जायंटस में शामिल हुईं। इंग्लिश ऑलराउंडर सोफी एक्लेस्टोन (85 लाख रुपये) और ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग (1.9 करोड़ रुपये) यूपी वॉरियर्स के लिए खेलेंगी। साउथ अफ्रीकी कप्तान लॉरा वोलवार्ट को दिल्ली कैपिटल्स ने 1.1 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड 1.10 करोड़ रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ीं। चिनेल हेनरी और श्री चरणी को दिल्ली कैपिटल्स ने एक समान 1.30 करोड़ रुपये में खरीदा। स्पिनर आशा शोभना (1.10 करोड़ रुपये) को भी अच्छी खासी रकम मिली, जिन्हें यूपी वॉरियर्स ने अपनी टीम से जोड़ा। उधर भारतीय टीम के लिए खेल चुकीं शिखा पांडे को यूपी वॉरियर्स ने ही 2.40 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया।

- 11 खिलाड़ी बने करोड़पति
- कुल 277 खिलाड़ियों पर लगी बोली
- 67 खिलाड़ी ही ऑक्शन में हुए सोल्ड
- 23 विदेशी प्लेयर्स रहे शामिल
- 40.8 करोड़ रुपये ऑक्शन में किए गए खर्च
- लैनिंग, शिखा चमकी

## व्यापार मेले 2025 में झारखंड का उत्कृष्ट प्रदर्शन, मिला स्वर्ण पदक

एजेंसी



नई दिल्ली : 44वें आईआईटीएफ 2025 में फोकस स्टेट झारखंड को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्णपदक से सम्मानित किया गया, जिससे झारखंड पवेलियन पूरे मेले का प्रमुख आकर्षण बन गया। यह सम्मान झारखंड की नवाचार क्षमता, सांस्कृतिक विविधता और अद्भुत प्रस्तुति कौशल का प्रतीक है, जिसने आगंतुकों और निर्णायकों दोनों का दिल जीता। यह उपलब्धि झारखंड के प्रयासों, कौशल और उत्कृष्ट प्रस्तुति का मजबूत प्रमाण है और राज्य के लिए गौरव का क्षण प्रस्तुत करती है। फोकस स्टेट झारखंड ने अपनी विशिष्ट थीम, विविध उत्पादों, नवाचारपूर्ण सज्जा और आकर्षक लाइव डेमो के माध्यम से आगंतुको पर गहरा प्रभाव छोड़ा। गुरुवार को देश के सबसे बड़े व्यापार प्रदर्शनी आयोजन आईआईटीएफ 2025 का भारत मंडपम में भव्य समापन हुआ। इस वर्ष फोकस स्टेट झारखंड ने अपनी विशिष्ट थीम, विविध उत्पादों, नवाचारपूर्ण सज्जा और आकर्षक लाइव डेमो के माध्यम से आगंतुकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। मेले के अंतिम दिन झारखंड पवेलियन में भारी भीड़ उमड़ी, जहां दर्शकों ने कला, संस्कृति, उद्योग और तकनीक का जीवंत संगम देखा और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी का भरपूर आनंद लिया। इस वर्ष झारखंड पवेलियन के स्टॉल ऑपरेटरों ने अपने उत्कृष्ट उत्पादों और सेवाओं से दर्शकों को विशेष अनुभव प्रदान किया। करियातपुर ब्रास, झारक्राफ्ट, तसर उत्पाद, हस्तशिल्प, बांस शिल्प, फ्यूजन ज्वेलरी, आदिवासी हस्तनिर्मित उत्पादों सहित कई स्टॉल पर पूरे मेले के दौरान शानदार बिक्री हुई ।अंतिम दिन आकर्षक छूट और ऑफरों के चलते खरीदारों की कतारें लगी रहीं।

**नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 44वें व्यापार मेले 2025 में चमका झारखंड**

# सखी मंडल की महिलाओं ने 30 लाख के पलाश ब्रांड उत्पादों की बिक्री की

झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को मिली राष्ट्रीय पहचान, आदिवा ज्वेलरी और रागी लड्डू की सबसे अधिक मांग

पलाश-आदिवा ब्रांड ने जीता दिल्ली का दिल, झारखंड की सखी मंडलों ने रचा नया कीर्तिमान 14 लाख से ज्यादा के आदिवा ज्वेलरी की बिक्री।

रांची, संवाददाता।



नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर 2025 तक आयोजित आईआईटीएफ 2025 में जेएसएलपीएस से जुड़े सखी मंडलों की महिलाओं ने अत्यंत प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की। झारखंड सरकार और जेएसएलपीएस का लक्ष्य है कि सखी मंडल की महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी होकर सफल उद्यमी बनें। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी विकास और आजीविका सशक्तिकरण का मजबूत संकेत है।

**झारखंड की ग्रामीण महिलाओं ने पलाश और आदिवा ब्रांड के हस्तनिर्मित खाद्य एवं गैर-खाद्य उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन किया**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 44वें व्यापार मेले (क्क्ष्ळक्र )2025 में झारखंड की ग्रामीण महिलाओं ने पलाश और आदिवा ब्रांड के अंतर्गत अपने हस्तनिर्मित खाद्य एवं गैर-खाद्य उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन किया। पलाश ब्रांड के उत्पादों में रागी/तिल के लड्डू, रागी मिक्सचर, अचार, अरहर दाल, सरसों का तेल इत्यादि शामिल रहे, वहीं आदिवा ब्रांड के अंतर्गत पारंपरिक चांदी व ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी, तसर सिल्क साड़ियाँ, प्राकृतिक ब्यूटी उत्पाद और डोकरा कला जैसी वस्तुओं ने खास आकर्षण बटोरा।

**दिल्ली के लोगों ने विशेष रूप से आदिवा ब्रांड के आभूषणों को पसंद किया**

दिल्ली के लोगों ने विशेष रूप से आदिवा ब्रांड के आभूषणों को पसंद किया, जिससे 14.84 लाख रुपये से अधिक की ज्वेलरी बिक्री दर्ज हुई। खाद्य उत्पादों में सिमडेगा की ह्यकॉलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनीह्ल की महिलाओं द्वारा बनाए गए रागी और तिल के लड्डू स्वाद और गुणवत्ता के कारण काफी सराहे गए और इनकी बिक्री भी उल्लेखनीय रही। इसी तरह, जमशेदपुर की मीनू रक्षित के नैचुरल ब्यूटी प्रोडक्ट्स, गोड्डा जिला के तसर सिल्क और दुमका जिला के डोकरा कला को भी लोगों ने काफी पसंद किया।

**सखी मंडल की महिलाओं ने 30 लाख से ज्यादा के उत्पादों की बिक्री की**

इस राष्ट्रीय मंच ने ग्रामीण महिला कारीगरों को अपने कौशल, परंपरा और उत्पादों को देशभर के उपभोक्ताओं के सामने प्रस्तुत करने का अवसर दिया। मेले के दौरान झारखंड की महिला उद्यमियों ने कुल रु 30.72 लाख का व्यापार किया, जो उनके उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार में बढ़ती मांग को दशार्ता है। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, बाजार से जुड़ाव और उद्यमिता विकास के माध्यम से लगातार सशक्त बनाया जा रहा है। इसी पहल के परिणामस्वरूप अब तक 9.82 लाख ग्रामीण महिलाएँ लखपति दीदी के रूप में उभर चुकी हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और गति मिली है।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच की पूरी टिकट बिकी, आज से काउंटर बंद

रांची, संवाददाता।



राजधानी रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले पहले वनडे मुकाबले को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. टिकट बिक्री शुरू होने के बाद लगातार दो दिनों से स्टेडियम के काउंटरों पर भारी भीड़ उमड़ रही थी. इसी बीच झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए ) ने साफ कर दिया है कि अब सभी टिकट पूरी तरह बिक चुके हैं. अब टिकट काउंटर नहीं खोले जाएंगे.

**वनडे मैच के सभी टिकट बिके**

जेएससीए ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि दर्शकों से मिली अपार प्रतिक्रिया की वजह से टिकटें कुछ ही समय में बिक गईं. स्टेडियम के बाहर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें दिखाई दे रही थीं, जहां लोग मैच का टिकट पाने के लिए घंटों तक इंतजार कर रहे थे. भीड़ को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा था कि टिकटें जल्दी खत्म हो सकती हैं और आखिरकार वही हुआ. सभी सीटें बुक हो चुकी हैं. इस बार रांची में खेले जाने वाले मुकाबले का रोमांच पहले ही चरम पर है, क्योंकि टीम इंडिया के बड़े खिलाड़ी रांची पहुंच चुके हैं. विराट कोहली बुधवार की सुबह पहुंचे. जबकि कप्तान रोहित शर्मा देर शाम शहर पहुंचे, जिनके स्वागत में भारी भीड़ जमा हो गई. खिलाड़ियों के लगातार रांची पहुंचने और मैच का दिन नजदीक आने से फैंस का उत्साह और बढ़ गया है.

**अब लोगों को 30 नवंबर का इंतजार**

दूसरी ओर, टिकटों के पूरी तरह बिक जाने के बाद अब दर्शकों की नजरें मैच दिवस पर टिक गई हैं. खरउअ ने दर्शकों के उत्साह के लिए आभार जताते हुए कहा कि 30 नवंबर को रांची में होने वाला यह मुकाबला विश्वस्तरीय आयोजन होगा. स्टेडियम की तैयारियां भी लगभग पूरी कर ली गई हैं. पिच, आउटफील्ड और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इधर, प्रशासन की ओर से सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर पहले ही विस्तृत व्यवस्था की गई है. टिकट कालाबाजारी रोकने के लिए भी पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी दर्शक को परेशानी न हो. टिकटों के बिक जाने के बाद अब यह साफ है कि 30 नवंबर को जेएससीए स्टेडियम में दर्शकों की खचाखच भरी भीड़ देखने को मिलेगी।

# शीतलहरी से कांप रहा झारखंड, सरकार बोली, हर जरूरतमंद तक पहुंचाएंगे राहत

रांची, संवाददाता।



झारखंड में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहरी की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार सक्रिय हो गई है. गुरुवार को आपदा प्रबंधन प्रभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए सभी 24 जिलों के उपायुक्तों को कुल 79 लाख रुपये त्वरित राहत राशि के रूप में आवंटित कर दी गई हैं. यह राशि हर जिले में आवश्यकता अनुसार वितरित की जाएगी, ताकि हर जिला प्रशासन तुरंत अलाव की व्यवस्था कर सके और जरूरतमंद लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके. मंत्री ने साफ कहा कि ठंड का सबसे ज्यादा असर उन परिवारों पर पड़ रहा है, जिनके पास बचाव के साधन कम हैं. इसलिए किसी को भी ठंड में कष्ट न हो, यह सरकार की जिम्मेदारी है. मंत्री अंसारी ने उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि मुख्य चौक, बाजार, स्टेशन और उन जगहों पर जहां रात के समय लोग आसरा लेते हैं, वहां अलाव की व्यवस्था तुरंत की जाए. साथ ही टीमों को रात में गश्त करने के लिए कहा गया है, ताकि सड़क पर रहने वाले या जरूरतमंद लोगों को तुरंत गर्म कपड़े और मदद दी जा सके. उन्होंने कहा कि सरकार जनता की तकलीफ समझती है और इस वक्त ठंड से बचाव सबसे जरूरी है. अंसारी ने यह भी कहा कि अगर ठंड से किसी व्यक्ति की मौत होती है, तो इसकी जिम्मेदारी उनकी होगी.

# रांची में आईआईएसएफ का कर्टेन रेजर कार्यक्रम आयोजित, छात्रों ने समझी मौसम पूवार्नुमान में विज्ञान की भूमिका

रांची, संवाददाता।



हरियाणा के पंचकूला में 6 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आयोजित होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का कर्टेन रेजर कार्यक्रम रांची के मौसम केंद्र में आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया और आज के समय में जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान के बढ़ते महत्व के साथ साथ मौसम पूवार्नुमान से जुड़ी जानकारियां हासिल की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची एयरपोर्ट निदेशक अनिल कश्यप शामिल हुए. 2015 से हर साल आयोजित किये जा रहे इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के कर्टेन रेजर से संबंधित वीडियो को बच्चों को दिखाया गया और यह बताया गया कि कैसे यह फेस्टिवल हमें विज्ञान को जानने, समझने के साथ-साथ हमें साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने और अपने ज्ञान को बढ़ाने का मौका देता है. रांची स्थित मौसम केंद्र में आयोजित आईआईएसएफ कर्टेन रेजर कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के माध्यमिक क्लास के बच्चों ने जाना कि कैसे विज्ञान की सहायता से मौसम वैज्ञानिक हवा की गति, वर्षा की मात्रा, आसमान में होने वाली गतिविधि, चक्रवात, सर्दी-गर्मी की तमाम जानकारी पूवार्नुमान जारी करते हैं. केंद्रीय विद्यालय की नौंवी क्लास की छात्रा विनीता और अयुक्ता ने बताया कि आज का कार्यक्रम बहुत जानकारी भरा रहा और हम लोगों ने जाना कि कैसे विज्ञान की वजह से जीवन सुगम हो रहा है. बच्चों ने बताया कि देश को विज्ञान के क्षेत्र में आगे ले जाकर एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने की जिम्मेदारी उन्हीं को निभानी है.

**जिसने विज्ञान को आत्मसात किया वही देश विकसित हुआ: अनिल कश्यप**

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक अनिल कश्यप ने कहा कि विज्ञान को आत्मसात किये बिना कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता है. उन्होंने बच्चों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासु होने का आह्वान करते हुए कहा कि एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान को आगे ले जाने का दायित्व नई पीढ़ी पर ही है. अगर आप मजबूत इच्छाशक्ति रखें तो रास्ते खुद आसान हो जाते हैं. हमारे मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को आज दुनिया सैल्यूट करती है. मौसम केंद्र के निदेशक ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के वाक्य को दोहराते हुए बच्चों से ऊंचे सपने देखने का आह्वान किया.

**साइंस एंड टेक्नोलॉजी से मिटती है अमीर–गरीब के बीच की दूरी: अभिषेक आनंद**

रांची मौसम केंद्र के वरीय मौसम पूवार्नुमान वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि क्क्त्रक्रकी शुरूआत वर्ष 2015 से हुई थी. हर वर्ष यह आयोजन किसी न किसी शहर में होता रहा है. इस साल यह 6 से 9 दिसंबर तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित होगा.

# ठंड बढ़ते ही बाजार में रूम हीटर व गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

रांची, संवाददाता।



नवंबर खत्म होने को है, लेकिन ठंड ने रांची में समय से पहले ही दस्तक दे दी है. गुरुवार को तापमान लुढ़ककर 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. कड़कड़ाती ठंड से बचने के लिए लोग अब हर तरह के इंतजाम में जुट गए है. बाजारों में रंग-बिरंगे मखमली कंबलों के साथ-साथ बिजली चालित रूम हीटरों की मांग अचानक बढ़ गई है. दुकानों में नए-नए मॉडल की लंबी कतारें सज चुकी हैं. लोग अपनी जरूरत और बजट के हिसाब से रूम हीटर चुन रहे हैं. वहीं, दुकानदारों ने बताया कि इस बार पीलर हीटर और ब्लोवर हीटर की बिक्री तेजी से बढ़ रही है. साथ ही, पानी गर्म करने वाली इलेक्ट्रिक रॉड की खरीद भी पिछले सप्ताह की तुलना में काफी ज्यादा है.

**पीलर हीटर की मांग सबसे ज्यादा**

दुकानदार समीर ने बताया कि ठंड की दस्तक के साथ ही गर्म कपड़ों और रूम हीटरों की खरीदारी में तेजी आई है. पीलर हीटर और लैम्प हीटर के दाम पिछले साल की तुलना में कम है. जीएसटी के लाभ भी दी जा रही है. खरीदने पर दस प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है. बावजूद इसके ग्राहक मोलभाव करते हुए अपनी पसंद का मॉडल चुन रहे हैं.

**जानें बाजार के दाम**

लैम्प हीटर - 4200 से 5000 रुपये, पीलर हीटर - 3000 से 4500 रुपये, टू-रॉड हीटर - 1500 से 2000 रुपये, ब्लोवर हीटर (पंखा वाला) - 1200 से 1500 रुपए, फोर-रॉड हीटर - 3000 से 4500 रुपये, एसी मॉडल हीटर - 5000 से 6000 रुपये.

# भारतीय स्कूली वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों का रांची में हुआ सम्मान

रांची, संवाददाता।



रांची में झारखंड वॉलीबॉल संघ की ओर से चल रहे भारतीय स्कूली वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर में आज प्रशिक्षक वैशाली पारदरे, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. संतोष पवार और जीवा (साई प्रशिक्षक) को सम्मानित किया गया. शिविर में प्रशिक्षण ले रहे सभी खिलाड़ियों को भी सम्मान मिला. सम्मान मिलने पर प्रशिक्षक वैशाली पारदरे, जो 22 साल तक भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं, ने अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि उनकी खेल यात्रा झारखंड वॉलीबॉल संघ के वरिष्ठ सदस्य शेखर बोस की देखरेख में सब-जूनियर वर्ग से शुरू हुई थी. उन्होंने कहा कि गुरु के हाथों मिला यह सम्मान उनके लिए सम्मान और गर्व की बात है. डॉ. शैलेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2021 में उन्होंने झारखंड में एक विभागीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी के रूप में भाग लिया था. आज भारतीय स्कूली टीम के प्रशिक्षक के रूप में योगदान देना उनके लिए बड़ी खुशी की बात है. उन्होंने कहा कि झारखंड वॉलीबॉल संघ हमेशा खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करता आया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सहाय ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं. संघ के संरक्षक शेखर बोस ने प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि झारखंड से जो खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, वे देश का नाम रोशन करेंगे. उन्होंने कहा कि खिलाड़ी और प्रशिक्षक ही संघ की असली ताकत हैं. कार्यक्रम के दौरान रांची के बालक खिलाड़ियों और भारतीय स्कूली टीम के बीच एक प्रदर्शनी मैच भी खेला गया.

# राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पूनम कुमारी ने जीता कांस्य पदक




रांची, संवाददाता।

69वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड की उभरती धाविका पूनम कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य को पहला पदक दिलाया. हरियाणा के भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित 400 मीटर दौड़ में पूनम ने 55.66 सेकंड का समय दर्ज कर कांस्य पदक अपने नाम किया. यह प्रतियोगिता 26 से 30 नवंबर 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें झारखंड की अंडर-19 बालक एवं बालिका टीम स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की अगुवाई में हिस्सा ले रही है. टीम का नेतृत्व कोच और मैनेजर ज्ञान प्रकाश, हिमाद्री मुर्मू और सिद्धू किस्कू कर रहे हैं. पूनम कुमारी की उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग और राज्य खेल कोषांग के सदस्यों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# बैंकों में जमा 24 करोड़ रुपये का कोई नहीं है दावेदार, अनक्लेम्ड डिपॉजिट निस्तारण के लिए खूंटी में लगेगा शिविर

रांची, संवाददाता।



वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार के निदेर्शानुसार खूंटी जिले में बैंकों में अनक्लेम्ड डिपॉजिट से संबंधित जागरूकता एवं निस्तारण के उद्देश्य से एक जिला स्तरीय विशेष शिविर शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जाएगा. इस शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के उपमहाप्रबंधक विनोद बिहारी मिश्रा, विमला भगत एवं उप सहायक प्रबंधक अरविंद एक्का समेत रांची, खूंटी जिला के सभी बैंक समन्वयक तथा एलआईसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे.

**60 हजार खातों में लंबे समय से कोई लेनदेन नहीं**

बैंक प्रतिनिधि अपने-अपने संस्थानों में पड़े निष्क्रिय या अनुपयोगी खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, पीपीएफ तथा अन्य जमा योजनाओं से संबंधित स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराएंगे. साथ ही इन खातों की राशि प्राप्त करने की आवश्यक प्रक्रिया के बारे में भी लोगों को अवगत कराएंगे. खूंटी जिले के विभित्र 11 बैंकों के 60 हजार खातों में करीब 24 करोड़ रुपये लंबे समय नम से अनक्लेम्ड हैं. साथ ही लंबे समय से इन बैंक खातों में कोई लेनदेन नहीं हुआ है या यूं कहें इसके कोई दावेदार नहीं हैं. कहा तो यह भी जाता रहा है कि ये वे खाते है, जिनके खाताधारक या तो अपने खाते के बारे में भूल गए या वे दूसरी जगह चले गए या फिर खाताधारक की मृत्यु हो गई है और उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को इन खातों की जानकारी नहीं है. इसमें सब से अधिक खाते एसबीआई, दूसरे नंबर पर ग्रामीण तथा तीसरे नंबर पर बीओई में हैं.

**अनक्लेम्ड खातों के लिए अवेयरनेस कैंप**

अग्रणी जिला प्रबंधक ऋषिकेश कुमार ने बताया कि अनक्लेम्ड खातों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा निस्तारण के लिए खूंटी में एक विशेष कैंप 28 नवंबर को लगाया जा रहा है. इसके माध्यम से राशि वापस दिलाने का अभियान शुरू किया जाएगा. अग्रणी जिला प्रबंधक ऋषिकेश कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को उन जमा राशियों के बारे में जागरूक करना है, जो लंबे समय से उनके या उनके परिजनों के बैंक खातों में निष्क्रिय पड़ी है. उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने पुराने खातों, जमा योजनाओं या मृतक परिजनों के खातों से संबंधित जानकारी लेकर शिविर में अवश्य पहुंचें और इस पहल का लाभ उठाएं. ऐसे शिविरों के आयोजन से बैंकिंग व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ती है और जनता की निष्क्रिय पूंजी पुनः सक्रिय वित्तीय प्रणाली में लौटकर आर्थिक प्रवाह को सुदृढ़ करती है.

# भारत और साउथ अफ्रीका के बीच मैच के दौरान कैसा रहेगा रांची का मौसम

रांची, संवाददाता।



झारखंड में सर्दी का सितम शुरू हो गया है. पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है. सिमडेगा जिला में न्यूनतम पारा 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है. हालांकि गोड्डा का अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है. राज्य के 10 जिले ऐसे हैं जहां का न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला गया है. सिमडेगा के बाद सबसे ज्यादा सर्दी गुमला में पड़ रही है. यहां पिछले 24 घंटों में न्यूनतम पारा 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है. वहीं 30 नंवबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची में क्रिकेट मैच होना है. इस दौरान भी मौसम पर सबकी निगाहें टिकी हैं.

**10 जिलों की न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे**

मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक, उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज हुई है. पछुआ हवाएं निचले वायुमंडलीय स्तर पर सक्रिय हैं. इसकी वजह से पिछले 24 घंटे के भीतर सिमडेगा के बाद गुमला में 5.8 डिग्री सेल्सियस, खूंटी में 6 डिग्री सेल्सियस, लोहरदगा में 7.3, हजारीबाग में 7.5, डाल्टनगंज में 8.0, लातेहार में 8.2, रांची में 8.4, पश्चिमी सिंहभूम में 9.0 और बोकारो में 9.1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ है.

**कल से सर्दी से राहत मिलने की है ये वजह**

राहत की बात है कि 28 नवंबर से हवाओं का रुख बदलने की संभावना है. इसकी वजह से न्यूनतम पारा में 2-4 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हो सकता है. मौसम केंद्र के मुताबिक, यह सिलसिला 2 दिसंबर तक चल सकता है. इसका मतलब है कि कल से ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी. इस दौरान सुबह के वक्त कोहरा और धुंध देखने को मिलेगा. इसके बाद आंशिक बादल छा सकते हैं.

**ज्यादातर जिलों का अधिकतम पारा 30 से 25 डिग्री के बीच**

अधिकतम तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटे में गोड्डा के बाद चाईबासा में 28.2, पाकुड़ में 28.0, डाल्टनगंज में 27.4, जमशेदपुर में 26.6, देवघर में 26.5, सिमडेगा में 26.4 और पश्चिमी सिंहभूम में 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा है. वहीं बोकारो में 23.5 और रांची में 22.4 डिग्री अधिकतम तापमान रहा है. सिर्फ लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रांची और हजारीबाग ऐसे जिले हैं जहां अधिकतम तापमान 25 डिग्री से नीचे है. खास बात है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अच्छा खासा गैप होने की वजह से दिन के वक्त ज्यादा ठंड नहीं महसूस हो रही है. लेकिन सुबह धूप निकलने से पहले और शाम को सूर्य ढलने के बाद थोड़ी भी लापरवाही स्वास्थ्य के लिहाज से मुसीबत खड़ी कर सकती है. फिलहाल, लातेहार एक मात्र ऐसा जिला है जहां दिन में ठंड का एहसास हो रहा है. इसकी वजह है कि दिन में अधिकतम पारा 18 डिग्री और न्यूनतम पारा 8.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है. 30 नवंबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले वन डे इंटरनेशनल क्रिकेट मैच के दौरान रांची में मौसम के बारे में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 30 नवंबर को मैच के दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे।



# झारखंड में ठंड का कहर जारी न्यूनतम तापमान पहुंचा पांच डिग्री

## ठंड से राहत के लिए 79 लाख रुपये जारी, मंत्री ने दिए अलाव की व्यवस्था के निर्देश

संवाददाता । रांची



रांची : झारखंड में इन दिनों पछुआ हवाओं के कारण ठंड कहर बरपा रही है। राज्य में न्यूनतम तापमान गिरकर पांच डिग्री तक पहुंच गया है। गुरुवार को सिमडेगा में न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह राज्य के अन्य जिलों में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट लगातार जारी है। खूंटी में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री, लोहरदगा में 7.3 डिग्री, डालटेनगंज में 8 डिग्री और रांची में एक डिग्री की गिरावट के साथ तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दिन भी पछुआ हवाएं चलीं जो तीर की तरह लोगों को चुभ रही थी। राजधानी में ठंड की स्थिति ऐसी रही कि दिन में भी धूप के बावजूद भारी कनकनी महसूस की गई। इसके चलते लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। लोगों को भारी ठंड के चलते दैनिक के काम में देरी हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोडडा में 29.7 डिग्री और सबसे कम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस सिमडेगा में रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची में अधिकत तापमान 22.4 डिग्री, जमशेदपुर में 26.6 डिग्री, डालटेनगंज में 27.4, बोकारो में 23.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री, खूंटी में 24.9, लोहरदगा में 21.7, लातेहार में 18.2 डिग्री, सरायकेला में 36.3, गोडडा में 29.7 डिग्री और सिमडेगा में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।झारखंड में बढ़ती ठंड और शीतलहरी को देखते हुए राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। गुरुवार को आपदा प्रबंधन प्रभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने समीक्षा बैठक कर सभी 24 जिलों के उपायुक्तों को कुल 79 लाख रुपये की त्वरित राहत राशि आवंटित की है। मंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य चौक-चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर तुरंत अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही रात्रि में जिला प्रशासन की चलंत टीमों को तैनात करने का आदेश दिया गया है, ताकि बेघर, बुजुर्ग और गरीबों को तत्काल सहायता मिल सके। डॉ. अंसारी ने कहा कि सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा - ठंड से किसी व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी चाहिए। जरूरतमंदों को तुरंत राहत मिले, यही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आवंटित राशि को जिला।

## थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों का जनप्रतिनिधियों के द्वार अभियान में माननीय सांसद महुआ माझी के द्वार'

# लहू बोलेगा रक्तदान संगठन



संवाददाता । रांची

झारखंड थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों एवं रक्तवीरों का जनप्रतिनिधियों के द्वार अभियान में माननीय सांसद महुआ माझी के द्वार लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची,झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन एवं झारखंड राज्य स्वैच्छिक रक्तदान संगठन कॉर्डिनेशन कमेटी के द्वारा आज झारखंड के जनप्रतिनिधियों के द्वार कार्यक्रम के तहत जेएमएम सांसद महुआ माजी के द्वार थैलेसीमिया पीड़ित,परिजन एवं रक्तवीरों का प्रतिनिधिमंडल द्वारा 14 सूत्री थैलेसीमिया पर मांग पत्र एवं 19 सूत्री झारखंड एवं देशव्यापी रक्तदान पर दो स्मार पत्र माननीय सांसद महुआ माजी पुत्र सोनित माजी को दिया गया।सांसद पुत्र ने कहा कि इस पर माँ से बातचीत कर लूंगा पर संसद में प्रश्न हेतू अधिवक्ता अमन कुमार को दोनों स्मार-पत्र दिया और आगे बढ़ने के लिए कहा।प्रतिनिधिमंडल में नदीम खान,संजय टोप्पो,देवकी देवी,संजय महतो,सीमा देवी,रोयान सुरंजन बाड़ा,फारे अह बिलकिस,सानिया परवेज,जयनाथ महतो,पंडित अजीत कुमार मिश्रा शामिल थे।झारखंड थैलेसीमिया पीड़ितों/परिजनों,रक्तवीरों एवं सामाजिक चिंतको का झारखंड के जनप्रतिनिधियों के द्वार अभियान झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र एवं सांसद शीतकालीन सत्र तक चलेगा।जिसमें माननीय मुख्यमंत्री,मंत्री,विधायक,सांसद एवं राजनैतिक दलों के अध्यक्ष से मिला जाएगा।....लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची/झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन....(संस्थापक नदीम खान,संयोजक संजय टोप्पो, देवकी देवी)

## लालपुर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने वाले पर लगाया जा रहा है जुमार्ना '



संवाददाता । रांची

रांची:लालपुर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने वालों पर तुरंत जुमार्ना लगाया जा रहा है। पीने वाले व्यक्ति पर 1000 का जुमार्ना लगया जा रहा है 'तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003' के तहत यह कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान गैरकानूनी है। इस अधिनियम के उल्लंघन पर भारी जुमार्ना लगाया जा सकता है। कारणः सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर रोक लगाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।कानूनी आधारः यह 'तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन प्रतिषेध तथा व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय एवं वितरण विनियमन) अधिनियम, 2003' की धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध है, जो सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित करती है।जुमार्नाः इस कानून का उल्लंघन करने पर ?50,000 तक का जुमार्ना हो सकता है।

## संविधान बचाने की रैली रद्द - हिन्दू राष्ट्र बनाने की यात्रा जारी

# सरदार पटेल ने हिन्दू राज के विचार को पागलपन कहा था

संवाददाता । रांची



नई दिल्ली, 26 नवंबर, 2025.डॉ उदित राज, पूर्व सांसद और राष्ट्रीय चेयरमैन- दलित, ओबीसी, माइनॉरिटीज और आदिवासी संगठनों का परिसंघ (डोमा परिसंघ) ने कहा कि आज प्रेस वार्ता के माध्यम से देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएँ दी और कहा कि एक तरफ संविधान दिवस मनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ सत्ता में बैठी शक्तियां इसे कमजोर करने में लगी हैं। ऐसा प्रमाणित भी हो रहा है। डोमा परिसंघ ने 30 नवंबर को दिल्ली की रामलीला मैदान में संविधान और वोट बचाने की रैली करने का निर्णय लिया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने एनओसी देने से इनकार कर दिया।संविधान बचाने की रैली रद्द करने का मतलब हिंदू राष्ट्र बनाने की साज़िश। सरदार पटेल ने ह्यहिन्दू राजह्न के विचार को पागलपन कहा था लेकिन उनके विचारों के ठीक विपरीत मोदी सरकार कर रही है।एक तरफ संविधान बचाने के आंदोलन पर प्रतिबंध लगाने का कृत्य किया जा रहा है तो दूसरी तरफ संविधान खत्म करने की साज़िश। धीरेंद्र शास्त्री को उसी तरह से पीछे से बीजेपी और आरएसएस समर्थन कर रहे हैं जैसे अन्ना आंदोलन को किया था। अन्ना आंदोलन के द्वारा फर्जी भ्रष्टाचार का भ्रम फैला कर कांग्रेस की सरकार को बेदखल किया था और उसी तरह से अपने पालतू - धीरेंद्र शास्त्री, रामभद्राचार्य सहित कुछ मीडिया के द्वारा षड्यंत्र कराया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने निजीकरण और ठेकेदारी प्रथा से बहुत सीमा तक आरक्षण को खत्म कर दिया है। सरकारी प्रतिष्ठानों और विभागों को औने पौने कीमत पर बेच दिया ताकि सरकारी नौकरी रहे हीं न। लेटरल एंट्री के द्वारा बिना आरक्षण के आईएएस बनाने का कार्य इसी सरकार ने किया। संविधान की धारा 15(5) को न लागू करके अच्छी और गुणवत्ता वाली शिक्षा से दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आदिवासी को वंचित कर दिया है। धर्मांतरण के नाम पर ईसाइयों और मुसलमानों को निरंतर प्रताड़ित किया जा रहा है। जबसे एहर लागू हुआ है, तबसे ज्यादातर नौकरियाँ उनको ही मिल रहीं जो पहले से विकसित थे। जिन पदों पर आरक्षण नहीं है, जैसे कुलपति,

## पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का आवास खाली कराने का नोटिस देना नीतीश सरकार ने परंपरा व मयार्दा तोड़ा : कैलाश यादव

# बीजेपी के दबाव में अहंकारी एवं बदले की भावना वाली राजनीतिक फैसला, ओछी कदम

संवाददाता । रांची



आज दिनांक 27/11/25 को प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने नीतीश बीजेपी एनडीए सरकार द्वारा बिहार विधान परिषद में नेता विरोधी दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी का पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड सरकारी आवास खाली कराने का नोटिस देने पर प्रदेश राजद की ओर से कड़ी निंदा व्यक्त किया है ! विदित है विगत दिनों बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठित एनडीए सरकार के कुछ ही दिन बीते है लेकिन नीतीश सरकार ने बदले की भावना वाली राजनीति शुरू कर दिया है ! ज्ञातव्य है कि पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड सरकारी आवास में श्रीमती राबड़ी आजाद हाई स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया रांची। हमारे विद्यालय प्रांगण पीएम श्री आजाद उच्च विद्यालय रांची में संविधान दिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ,सभी शिक्षकगण तथा सभी बच्चों के बीच संविधान प्रस्तावना का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो.कुर्बान अली द्वारा बच्चों को संविधान दिवस का महत्त्व तथा डॉ भीम राव अम्बेडकर के संवैधानिक विचारों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर विद्यालय के अंतर्गत विद्यालय के सभी बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता , निबंध ,पेंटिंग प्रतियोगिता ,भाषण प्रतियोगिता आदि विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुर्बान अली ने कहा कि संविधान हमारे देश की रीढ़ है ।जो हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है।इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण , रूबी सिंह,श्वेता साहू, मो.अनवर अंसारी , अतिकूर रहमान ,राकेश कुमार, अफराज अहसन , तथा बीएड प्रशिक्षु शिक्षक भी मौजूद रहें।

# माही का ठंड से जंग जारी: ठिठुरते बच्चों को भेंट किये गर्म स्वेटर

संवाददाताी



राँची, 27 नवंबर 2025: सर्द हवाओं के बीच राँची के पुंदाग क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों के लिए सुखद पल आया। मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) ने इलाही नगर, दीपा टोली स्थित मदरसा खादिमुल इस्लाम के 24 बच्चों को गर्म स्वेटर उपहार स्वरूप भेंट किए। अब ठंड की मार इन नन्हे बच्चों को परेशान नहीं करेगी।यह पहल माही के वार्षिक अभियान ळ्ँ उङ्ग'ि२ इङ्ग'ि,अल्ल ल्ल३ं३५ीु८ टअल्ककका हिस्सा है, जो हर साल भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती (11 नवंबर) के मौके पर शुरू होता है।इस बार ठंड जल्दी और ज्यादा होने की वजह से अभियान को पूरे नवंबर महीने तक बढ़ा दिया गया है।माही का संकल्प है कि यूनिफॉर्म, स्वेटर या जूतों की कमी की वजह से कोई भी जरूरतमंद और बसलाहियत बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इसी संकल्प के तहत अब तक सैकड़ों बच्चों तक गर्म कपड़े पहुँचाए जा चुके हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदरसा के मोहतमिम कारी मोनाजिर हुसैन,हाफिज मोहम्मद, कारी अबु अशजद, फिरदौश, कारी मोहम्मद,गौशिया नूर पंचायत के सदर मोहम्मद फिरोज, अंजुमन के कार्यकारिणी शाहिद अख़्तर टुकलु, मोहम्मद नजीब, शम्सु खान, तौसीफ खान, व अशफाक बबलू आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।बच्चों की चमकती आँखें और उनके चेहरों पर आई रौनक ही इस अभियान की सबसे बड़ी कामयाबी थी।

## ब्रीफ न्यूज

### एयरटेल एमडी का अलटर्ः मुख्य बैंक खाते से वढकभुगतान करना बढ़ा रहा है डिजिटल फ्रॉड का जोखिम

संवाददाता ।



रांचीः डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं। हर रोज कोई ना कोई डिजिटल धोखाधड़ी का मामला जगह जगह देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार छोटे बड़े सभी लोग हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सेकंड बैंक अकाउंट हो सकता है जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं और जिसमें आवश्यकता अनुसार थोड़ा धन सेविंग के रूप में रखा जा सकता है, और जिसमें ग्राहकों को ब्याज भी मिलेगा।इसी का एक बेहतर विकल्प एयरटेल पेमेंट बैंक के रूप में एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया है। जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ ही पूरी तरह से सुरक्षित और आसान बैंकिंग सुविधा मुहैया कराएगा।कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने डिजिटल भुगतान के लिए एक सुरक्षित ह्लसेकंड अकाउंटह्व बनाएं, जिससे मुख्य बैंक खाते को किसी भी ऑनलाइन खतरे से बचाया जा सके।एयरटेल के वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गोपाल विट्टल ने अपने ग्राहकों को डिजिटल फ्रॉड से सजग रहने की अपील करते हुए एक चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने कहा कि डिजिटल ठगी आजकल फर्जी पार्सल डिलीवरी, पुरस्कार जीतने के नाम पर लिंक भेजने तथा डिजिटल गिरफ्तारी के डर जैसी नई-नई तरकीबों के सहारे बढ़ रही है। उन्होंने कहाःह्लएयरटेल नेटवर्क पर होने वाला कोई भी धोखाधड़ी का मामला हमें दुख पहुंचाता है। इसलिए आपकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम दुनिया के पहले टेल्को हैं जो अकआधारित स्पैम कॉल और मैसेज अलर्ट उपलब्ध कराते हैं। हमने फर्जी लिंक को क्लिक होने पर भी ब्लॉक करने की तकनीक विकसित की है।उन्होंने आगे कहा कि फ्रॉड का एक बड़ा कारण यह है कि अधिकांश लोग हर भुगतान के लिए अपने मुख्य बैंक खाते का उपयोग करते हैं। इससे छोटी-सी गलती भी पूरी बचत को जोखिम में डाल सकती है।

### झारखंड उच्च न्यायालय ने टीजीटी नियुक्ति से जुड़ी 363 याचिकाओं का एक साथ किया निपटारा

संवाददाता ।

रांचीः : झारखंड उच्च न्यायालय ने टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित सभी 363 लंबित याचिकाओं पर गुरुवार को एक साथ फैसला सुनाते हुए उन्हें निपटा दिया। इन सभी मामलों की सुनवाई न्यायमूर्ति आनंदा सेन की एकल पीठ में हुई। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि सभी याचिकाओं में तथ्य और कानूनी बिंदु समान हैं। इसलिए इनका निपटारा मीना कुमारी बनाम झारखंड कर्मचारी चयन आयोग मामले में पारित आदेश के आधार पर किया जा रहा है। इन याचिकाओं में अधिवक्ता चंचल जैन, अजय कुमार पाठक, तेजस्विता सफलता, शुभम मिश्रा, अमृतांश वत्स, अभिजीत इंद्र गुरु समेत कई अन्य वकीलों की ओर से दाखिल मामले भी शामिल थे। अदालत ने सभी पर समान निर्णय लागू करते हुए अंतिम रूप से निस्तारण कर दिया। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि यदि मीना कुमारी केस में आगे अपील के दौरान कोई संशोधन या नया आदेश आता है, तो उसका प्रभाव स्वतः इन सभी निस्तारित याचिकाओं पर भी लागू होगा। झारखंड उच्च न्यायालय का यह फैसला टीजीटी अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि न्यायालय ने सभी मामलों पर एकसमान निर्णय देकर न्यायिक स्थिरता और पारदर्शिता सुनिश्चित की है।

### रांची में बुजुर्ग से छिनतई, बाइक सवार अपराधी 1.13 लाख लेकर फरार

संवाददाता ।



रांचीःरांची : रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक बुर्जुग से छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। बाइक सवार दो अपराधियों ने एक लाख 13 हजार रुपये से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, कोकर के पाहन टोली निवासी फिलमोन बा (70) कोकर स्थित बैंक ऑफ इंडिया से रुपये निकालकर टोटो से पंजाब नेशनल बैंक मेन रोड में जमा करने जा रहे थे। जैसे ही टोटो लालपुर थाना के पास पहुंची, उसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो अपराधियों ने टोटो को ओवरटेक किया और पैसे से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। मामले की जानकारी मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। सिटी एसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित व्यक्ति बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकाल कर जा रहे थे। इसी दौरान इस वारदात को अंजाम दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीड़ित ने आरोपितों की पहचान की है। उसके आधार पर अपराधियों के धर-पकड़ के लिए प्रयासकिए जा रहे हैं। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मांडर पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता ।

मांडर : मांडर प्रखंड के मांडर पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का त्वरित निपटारा किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सहअं चल अधिकारी चंचला कुमारी, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उपप्रमुख अमानत अंसारी, चिकित्सा प्रभारी किशोर कुल्लू, जेईई आशुतोष श्रीवास्तव, मुखिया प्रकाश खलखो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आय-आवास-जाति प्रमाण पत्र, मनरेगा, आवास योजना, स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं सहित कई सरकारी सेवाओं के लिए आवेदन स्वीकार किए गए। मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया गया,

## आसनबनी में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का विधायक संजीव सरदार ने किया शुभारंभ

**जमशेदपुर, संवाददाता**



झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' के तहत गुरुवार पोटका प्रखंड अंतर्गत आसनबनी पंचायत प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।इस दौरान अपने संबोधन में विधायक संजीव सरदार ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा संचालित यह कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच की दूरी को समाप्त करने का माध्यम है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे पेंशन, आवास, राशन, कृषि-लाभ, स्वास्थ्य सेवाएं, आय-सृजन योजना आदि की विस्तृत जानकारी भी ग्रामीणों को दी। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना ही इस कार्यक्रम की आत्मा है। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान मौके पर प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी लेते हुए लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार की नीतियां और सुविधाएं सीधे जनता तक पहुंचाना ही सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मौके पर सीओ निकिता बाला, बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, झामुमो प्रखंड कमिटी अध्यक्ष सुधीर सोरेन, झारखंड



आंदोलनकारी सुनील महतो, बबलू चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य चन्द्रावती महतो, हितेश भगत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

# भाजपा ने स्कूल किए बंद, हेमंत सरकार शिक्षा को दे रही है नई ऊंचाई : संजीव सरदार

### 1 करोड़ 3 लाख की लागत से 10 कमरों का दो मंजिला बनेगा भवन, 15 माह में पूरा होगा निर्माण

- पोटका में शिक्षा का नया अध्याय, विधायक संजीव सरदार ने किया प्लस-2 उच्च विद्यालय भवन का शिलान्यास
- जल्द पोटका को मिलेगा 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस'

**जमशेदपुर, संवाददाता**

पोटका प्रखंड अंतर्गत सानग्राम में गुरुवार विधायक संजीव सरदार की अनुशंसा पर स्वीकृत +2 उच्च विद्यालय के भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास पूजा अर्चना कर सम्पन्न हुआ। जहां ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ विधायक का गर्मजोशी से स्वागत भी किया।झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा स्वीकृत इस निर्माण कार्य पर कुल 1 करोड़ 3 लाख



रुपए व्यय होगी। जिसके तहत 10 कमरे (5+5 कमरों का दो तल्ला भवन) तैयार किया जाएगा। यह कार्य आरकेसीपीएल कंस्ट्रक्शन द्वारा 15 महीनों में पूरा किया जाएगा। इस दौरान अपने संबोधन विधायक संजीव सरदार ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पूरे राज्य में कई हजार सरकारी स्कूल बंद किए थे। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।



उनका सपना है कि राज्य के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बताया कि पोटका में जल्द ही 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' खोला जाएगा और जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा का लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके निरंतर प्रयासों का परिणाम है कि पोटका के इतिहास में पहली बार छह माध्यमिक विद्यालयों को प्लस-2 में उत्क्रमित किया जा रहा है। जिनमें माध्यमिक विद्यालय शंकरदा, डोमजुड़ी, राजदोहा, जहातु, जामडीह और माध्यमिक विद्यालय मांगडू शामिल है। जबकि अन्य विद्यालय भी जल्द ही +2 में उत्क्रमित होंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पोटका के हजारों बच्चों के भविष्य को बदलने वाला साबित होगा। मौके पर मुखिया अभिषेक सरदार, पीएसएस बिनोती सी, प्रधानाध्यापिका बीबी रानी मुंडा, शिक्षक अनिल मुंडा, खगे सरदार, प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो, बबलू चौधरी, पूर्व जिप सदस्य चन्द्रावती महतो और हितेश भगत समेत अन्य भी मौजूद थे।

## पति की हत्या मामले में पत्नी सावित्री देवी को आजीवन कारावास

**तेनुघाट (बोकारो) :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने पति की हत्या के आरोप में दोषी पाई गई सावित्री देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला जरीडीह थाना क्षेत्र के गोपालपुर का है, जहाँ सूचक परमेश्वर मांझी ने थाने में बयान दिया था कि उसके पुत्र की शादी सावित्री देवी से हुई थी और उनके दो बच्चे भी हैं। पत्नी का किसी अन्य पुरुष से संबंध होने की बात को लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी, लेकिन स्थिति नहीं सुधरी। आरोप है कि इसी अवैध संबंध के कारण सावित्री देवी ने उस युवक के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। बयान के आधार पर जरीडीह थाना में केस दर्ज हुआ और आरोप पत्र दाखिल होने के बाद मामला जिला जज सूर्य मणि त्रिपाठी की अदालत में पहुंचा। उपलब्ध साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत ने सावित्री देवी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। फैसले के बाद दोषी को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू और आशीष कुमार लोहरा ने बहस की।

## एकड़ा नदी में भूधसान और दरार की खबर सुनकर पहुंचे बीसीसीएल अधिकारी, अस्थायी मरम्मत शुरू की

- नदी से छेड़छाड़ मतलब प्रकृति से छेड़छाड़, एनजीटी में करेंगे शिकायत-ग्रामीण

**धनबाद, संवाददाता**

एकड़ा नदी में भूधसान और दरार की खबर मिलने के बाद बीसीसीएल पीबी एरिया प्रबंधन तुरंत मौके पर पहुंचा और उक्त स्थल की अस्थायी मरम्मत शुरू करा दी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल बालू की बोरियों से बहाव मोड़ा जा रहा है। उसके बाद दरार वाले हिस्से पर आरसीसी करने की प्रक्रिया की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह उपाय कुछ दिनों के लिए राहत देगा, स्थायी समाधान आईआईटी - आईएसएम की रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि यह इलाका पुरानी भूमिगत खदानों का है। यहां वर्षों पहले कोयला उत्पादन हुआ था, जिससे नीचे की जमीन



खोखली हो चुकी है। नदी का पानी भीतर रिसता रहा और जमीन कमजोर होकर धंसती गई। इसी वजह से एकड़ा नदी में बार-बार दरारें और भूधसान की घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं एकड़ा हरिजन बस्ती के ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पास में चल रही आउटसोर्सिंग सिंह नेचुरल कंपनी द्वारा लगातार की जा रही हेवी ब्लास्टिंग से यह भयावह स्थिति पैदा हुई है। ग्रामीणों के अनुसार नदी ही नहीं, घरों, मंदिरों और स्कूलों की दीवारों में भी दरारें साफ साफ दिखाई देती हैं। हमलोग कई बार सिजुआ एरिया प्रबंधन को आवेदन और मौखिक शिकायत देकर कहा है कि हमें किसी सुरक्षित स्थान पर बसाया जाए। हमारी जमीन रैयती है, मगर फिर भी हमारी बातों को अनसुना किया जा रहा है। प्रबंधन को हमलोगों की जान-माल का कोई परवाह नही है।

**आईआईटी-आईएसएम से मांगी गई तकनीकी सलाह**

पीबी एरिया ने अस्थायी समाधान के रूप में एचडीपी होम पाइप लगाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा है। मुख्यालय ने प्रस्ताव को आईआईटी-आईएसएम भेजकर इसकी तकनीकी जांच शुरू कर दी है। विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने के बाद स्थायी समाधान को लेकर आगे की कार्रवाई तय होगी। वही स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि इस बार वैज्ञानिक रिपोर्ट के आधार पर एकड़ा नदी और हरिजन बस्ती की समस्या का स्थायी और सुरक्षित समाधान निकलेगा।

**नदी का बहाव थमने से बड़ी आबादी पर पड़ रहा है गंभीर असर**

ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के घरों की पूरी जरूरतें इसी नदी के पानी से पूरी होती हैं। पानी का स्त्रोत नीचे जाने से अब नहाने-धोने, पशु-पानी, खेती सब प्रभावित हैं। इसके अलावा, नदी के किनारे ही स्थित श्मशान घाट भी प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि चिताएं जलाने में समस्या आ रही है।नदी से छेड़छाड़, प्रकृति से छेड़छाड़ के बराबर है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि वे लोग इस पूरे मामले को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में शिकायत करेंगे। जो भी अधिकारी या कंपनी इसमें दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

## लोहे की उखड़ी पट्टियां और उखड़े टाइल्स ने आरपीएफ हेड कांस्टेबल की ले ली जान, लोगों में आक्रोश

**धनबाद, संवाददाता**

बुधवार की देर रात गोमो स्टेशन पर हुई एक दर्दनाक दुर्घटना हादसा ने रेलवे प्लेटफॉर्म निर्माण और मरम्मत कार्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बात दरअसल यह है कि धनबाद-फिरोजपुर लुधियाना एक्सप्रेस की चपेट में आने से गोमो में कार्यरत आरपीएफ हेड कांस्टेबल श्रीपती बास्की (40) की मौके पर मौत हो गई। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के बयान ने मामले का रुख ठेकेदार की लापरवाही और असुरक्षित प्लेटफॉर्म की ओर मोड़ दिया है। यात्रियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर लोहे की पट्टी उखड़ी हुई थी, टाइल्स टूटी पड़ी थीं और सतह बेहद असुरक्षित थी। कई यात्रियों का आरोप है कि प्लेटफॉर्म पर महीनों से मरम्मत का काम चल रहा है, लेकिन ठेकेदार हो या इंजीनियर किसी ने भी सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हेड





कांस्टेबल श्रीपती बास्की हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस से स्कॉट ड्यूटी के लिए गया जाने वाले थे। जैसे ही वह ब्रिज से उतरकर प्लेटफॉर्म पर आए, उसी समय प्लेटफॉर्म संख्या 3 से लुधियाना एक्सप्रेस खुल रही थी। उखड़ी हुई पट्टी पर पैर फिसलने और प्लेटफॉर्म की खराब स्थिति के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वे ट्रेन की चपेट में आ गए। यात्रियों का कहना है अगर प्लेटफॉर्म ठीक होता, लोहे की पट्टी और टाइल्स नहीं उखड़ी होतीं, तो हादसा नहीं होता, यह सीधे सीधे ठेकेदार की लापरवाही का परिणाम है। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ कमांडेंट, आरपीएफ इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा, रेल थानेदार शाहजहां खाँ समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे,ट्रेन को रोककर शव बाहर निकाला गया और रेल थाना में सुरक्षित रख परिजनों को सूचना दी गई। बताया जाता है कि मृतक पहले डीआरएम के बॉडीगार्ड भी रह चुके थे।। घटना के बाद लोगों में गुस्सा देखते ही बन रहा था। यात्रियों ने मांग किया कि प्लेटफॉर्म निर्माण में लापरवाही की जांच हो। जिम्मेदार ठेकेदार पर प्राथमिकी दर्ज की जाए। लोगों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई।

## कुसमाटांड़ पानी प्लांट में ट्रांसफॉर्मर चोरी, जल संकट से हाहाकार

**धनबाद, संवाददाता**

कुसमाटांड़ पानी प्लांट में सप्ताह भर पहले चोरों द्वार पानी प्लांट में अवस्थित ट्रांसफार्मर को चोरी हो जाने से बलियापुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना फेस 2 फेल हो गया जिससे 12 पंचायत के 27गांव के 4000 ग्रामीण पाइप लाइन के पानी से वंचित हो गए। लोग पानी के लिए त्राहिमाम करने लगे। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी और विधायक प्रतिनिधि सह पंसस हीरालाल मोदक,पंचायत समिति सदस्य गण के साथ कुसमाटांड़ पानी प्लांट पहुंचे और प्लांट पहुंच कर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरारी नायक, पेयजल के अभियंता लखीराम माझी, वप्लांट हेड नवीन कुमार को तलब किया और कहे कि मामले पर उचित कार्रवाई कर 72 घंटे के अंदर बाधित जलापूर्ति को



पुनः चालू करे। इस पर प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बलियापुर थाना प्रभारी सत्यजित कुमार, बिजली विभाग के एस डी ओ और एस ई को मामले पर उचित कार्रवाई हेतु दूरभाष के माध्यम से दिशा निर्देश दिए इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दूरभाष पर ही बिजली विभाग के एस डी ओ को जमकर खरीखोटी सुनाया। मामले पर पुनः प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी और विधायक प्रतिनिधि सह पंसस हीरालाल मोदक ने कहा कि जनता हित मे किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तय समय पर सुधार नहीं होने पर हम आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी ने कहीं सरकार आपके द्वारा का कार्यक्रम भी चल रहा है जिसमें पदाधिकारी हो या संबंधित पंचायत के प्रतिनिधि हो सभी ने आमंत्रण किया दायित्व भी बन रहा था कि पंचायत में जाकर आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम में भाग ले लेकिन वहां नहीं पहुंचकर मैं आवश्यकता समझा कि यह जलापूर्ति जो खराब हुई है आज सप्ताह भर से जिसमें 12 पंचायत के लोग प्रभावित हुए हैं इसे सही समय पर सुधार करना और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना और पानी को सुचारू रूप से चालू करना यह मेरे लिए पहली प्राथमिकता है जिसके लिए मैं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाई। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, पंसस तपन रजक, मथुरा महतो, जितेंद्र मंडल, भूदेव महतो, रिंकू निषाद, उमेश रवानी आदि लोग थे।

## पत्रकार के भाई ने की बिना दहेज की शादी। शादी बना समाज के लिए मिसाल

**धनबाद, संवाददाता**

**पुटकी।** पुटकी बाजार निवासी सुभाष प्रसाद वर्णवाल के पुत्र डॉ कुश कुमार वर्णवाल की शादी बिना दहेज के गिरिडीह जिले के धवैया गांव निवासी बच्चू मोदी (वर्णवाल) की पुत्री शिल्पा कुमारी से धूमधाम से संपन्न हुई, जिसने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया। डॉ कुश कुमार स्थानीय पत्रकार लव कुमार वर्णवाल के भाई हैं। कुश एसबीआई सीएसपी संचालक एवं कंप्यूटर इंस्टिट्यूट संचालक है। दोनों की शादी अरेंज मैरिज के रूप में तय हुई थी। बारात पुटकी से रवाना होकर सरिया स्थित एरीना लॉज पहुँची, जहां सभी पारंपरिक रीतिझरिवाजों के साथ हर्षोल्लास के माहौल में विवाह संपन्न हुआ। परिवार और गांव-समाज के लोगों ने दहेजमुक्त शादी के इस पहल की भरपूर सराहना की। परिजनों ने कहा कि दहेज प्रथा



को समाप्त करने के लिए ऐसे कदम समाज में जागरूकता बढ़ाने में सहायक हैं। स्थानीय लोगों ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए नवदंपति को शुभकामनाएं दीं। डॉ कुश कुमार वर्णवाल ने बताया कि हमारा लक्ष्य सिर्फ शादी करना नहीं था, बल्कि समाज के सामने यह संदेश देना था कि दहेज के बिना भी रिश्ते सम्मान और विश्वास के साथ निभाए जा सकते हैं।

## बीएसएल में गैस रिसाव आपदा से निपटने के लिए व्यापक मॉकड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित

**बोकारो, संवाददाता**

बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) में गैस रिसाव जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी परखने के लिए गुरुवार को वृहद पैमाने पर मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास में बीएसएल के गैस सेफ्टी (ईएमडी), सेफ्टी विभाग, ब्लास्ट फर्नेस, प्लांट कंट्रोल, चिकित्सा सेवाएँ, बीएसएल सिक्योरिटी के साथ-साथ CISF, जिला प्रशासन और NDRF की टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रातः करीब 11 बजे शुरू हुई यह मॉकड्रिल डेढ़ घंटे तक चली। अभ्यास में परिचालनीय तैयारी, प्रतिक्रिया समय, सूचना आदान-प्रदान की गति, मेडिकल सपोर्ट की मुस्तैदी, तथा मल्टी-एजेंसी समन्वय जैसे अहम बिंदुओं की गहन परख की गई। चिन्हित स्थानों



पर मौजूद पर्यवेक्षकों ने मॉकड्रिल के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में अपने-अपने अवलोकन साझा किए। मॉकड्रिल के दौरान जिला उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, बीएसएल के अधिशासी निदेशक (वर्क्स) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, एसडीएम प्रांजल ढाडा समेत बीएसएल और जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर बने इंसिडेंट पोस्ट पर मौजूद रहे। मॉकड्रिल सम्पन्न होने पर जिला आपदा पदाधिकारी शक्ति कुमार, CISF तथा NDRF 9वीं बटालियन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने प्रेक्षणों से अधिकारियों को अवगत कराया। गौरतलब है कि बीएसएल पूर्वी भारत की सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों में से एक है। इस्पात उत्पादन से जुड़े थर्मो-सेंसिटिव वातावरण और रासायनिक जोखिमों के कारण यहां समय-समय पर CBRN मॉकड्रिल आयोजित की जाती है।

## लोकगीतों के जरिये मधुकरपुर पंचायत में सरकारी योजनाओं की जागरूकता बढ़ी



**बोकारो, संवाददाता**

कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से सरस्वती वंदना मंच, बोकारो की टीम ने लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में आकर्षक गीतों और लघु नाटिकाओं के जरिए प्रमाण पत्र निर्गमन, पेंशन योजनाएं, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्यान्न वितरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसी सेवाओं के बारे में विस्तार से संदेश दिया गया। मंच की प्रस्तुति से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि सांस्कृतिक माध्यमों से जानकारी मिलने से योजनाओं को समझना आसान होता है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना ग्रुप के हेमकांत मिश्रा, संजय पाठक, प्रेम पाठक और अमित महतो मौजूद रहे।

# सहयोगिनी ने वर्षभर में बोकारो को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**बोकारो, संवाददाता**

बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से गैरसरकारी संगठन सहयोगिनी ने घोषणा की है कि वह सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर एक वर्ष में पूरे बोकारो को बाल विवाह मुक्त बनाएगा। यह घोषणा भारत सरकार की 100 दिवसीय विशेष कार्ययोजना से प्रेरित होकर की गई है, जिसके तहत देशभर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एक वर्ष पूरा होने पर नए सिरे से गति पकड़ रहा है। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों, विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं, पंचायतों और नगर निकायों में व्यापक जागरूकता फैलाने की रणनीति बनाई गई है।




सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि संगठन देशव्यापी नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का हिस्सा है, जिसने पिछले एक वर्ष में एक लाख से अधिक बाल विवाह रोके, जबकि सहयोगिनी ने बोकारो जिले में 235 बाल विवाह रुकवाए हैं। जिले के गोमिया, कसमार, दांतू, खैराचतर, चास, बहादुरपुर, कमलडीह, कस्तूरबा विद्यालय गोमिया और तेनुघाट में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जागरूकता रैली, शपथ समारोह और सामुदायिक संवाद हुए। संगठन ने लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की कानूनी धाराओं और इसमें शामिल होने पर होने वाली सजा के बारे में जागरूक किया। सागर ने कहा कि सरकार का यह 100 दिवसीय अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और समुदाय, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन के संयुक्त सहयोग से बोकारो को साल भर में बाल विवाह मुक्त बनाना पूरी तरह संभव है। कार्यक्रम में सहयोगिनी के रवि कुमार राय, सोनी कुमारी, अनिल हेंब्रम, प्रवीण कुमार यादव, मंजू देवी, सीता देवी, उषा देवी, पिंकी देवी, अंजू देवी, रोशनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारी, राशि कुमारी, सूरजमनी देवी, विकास कुमार गोस्वामी, किरण, अभय कुमार सिंह, प्रकाश कुमार महतो, विनीता देवी, रेखा देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## बीएसएल में महिला स्वास्थ्य जागरूकता हेतु विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**बोकारो, संवाददाता**

बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को बोकारो जनरल अस्पताल के हेल्थ रिट्रीट परिसर में सीआईएसएफ की महिला कर्मियों एवं संरक्षिका की महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बी. बी. करुणामय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। शिविर में डीआईजी नीति मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, डॉ. अनिन्दा मंडल, डॉ. इन्द्रनील चौधरी, एसीएमओ डॉ. दीपक कुमार सहित कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। शिविर में महिलाओं की ऊँचाई, वजन, बीएमआई, रक्तचाप, ईसीजी, रक्त परीक्षण और कैंसर स्क्रीनिंग सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गईं। उल्लेखनीय है कि इसी प्रकार का शिविर अक्टूबर माह में भी आयोजित हुआ था। बीएसएल महिला स्वास्थ्य संरक्षण और निवारक चिकित्सा के प्रति निरंतर प्रयासरत है।

